देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 13 अगस्त 2019। माननीय कुलपति महोदया की अध्यक्षता में काउंसिलिंग समिति की बैठक ईएमआरसी में आयोजित की गई । इस बैठक में कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा भी उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ग्रुप A1, A2 एवं B1 हेतु आयोजित की गई काउंसिलिंग की अंतिम तिथि के समय उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश देने के लिए विभागीय स्तर पर काउंसिलिंग दिनांक 14 अगस्त 2019 को दोपहर 2:00 बजे आयोजित की जायेगी। इस हेतु विभाग द्वारा विभागीय स्तर पर नोटिफिकेशन, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रवेश निरस्त करने हेतु आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाये। आवेदन प्रपत्र दिनांक 14 अगस्त 2019 को दोपहर 2:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। प्रवेश निरस्तीकरण हेतु 20 अगस्त 2019 के पश्चात सिर्फ कॉशनमनी वापस की जायेगी।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी